भारत सरकार
पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय
लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1249 जिसका उत्तर
शुक्रवार, 09 फरवरी, 2024/ 20 माघ, 1945 (शक) को दिया जाना है

बंदरगाहों का अनुरक्षण कार्य

†1249. श्री हैबी ईडन :

क्या **पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आईडब्ल्यूएआई) द्वारा उपलब्ध कराए गए एमवी सीवी रमन और एमवी आदिशंकर के प्रचालन का ब्यौरा क्या है;

(ख) उद्योगमंडल नहर और चम्पाकारा नहर में थेवरा में किए गए अनुरक्षण तलकर्षण का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार के पास राष्ट्रीय जलमार्ग-3 पर वार्षिक आधार पर फेयरवे, टर्मिनल, नैविगेशनल सहायता और जलयान के प्रचालन और अनुरक्षण संबंधी कार्यों की जानकारी है; और

(घ) यदि हां, तो विगत सात वर्षों के दौरान परियोजना की अनुमानित राशि, नाम सहित तत्संबंधी वर्ष-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर
पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री
(श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क): एमवी सी.वी. रमन और एमवी आदिशंकरा, वर्ष 2021 से आईडब्ल्यूएआई तथा केएसआइएनसी के बीच हस्ताक्षरित एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) के तहत मैसर्स केरल शिपिंग एंड इनलैंड नेवीगेशन कॉर्पोरेशन (केएसआईएनसी) द्वारा प्रचालित किए जाते हैं। ये जलयान कोचिन पत्तन क्षेत्र के रा.ज.-3 में बोलघाटी और विलिंगडन आइलैंड के बीच रो-रो सेवा के लिए तैनात के किए गए हैं।

(ख): आवश्यकतानुसार रख-रखाव ड्रेजिंग की जाती है। वित्त वर्ष 2023-24 में उद्योगमंडल नहर में मुलावुकाडु में 11,318.38 घन मीटर मात्रा की ड्रेजिंग की जा चुकी है। वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान कोरमकोट्टा में 10385.85 घन मीटर मात्रा की ड्रेजिंग की जा चुकी है।

उद्योगमंडल नहर के रो-रो चैनल में विभागीय ड्रेजरों द्वारा वित्त वर्ष 2021-22 में 1680 घन मीटर और वित्त वर्ष 2022-23 में 1140 घन मीटर की रख-रखाव ड्रेजिंग की जा चुकी है। चंपाकारा नहर के थेवेरा में विभागीय ड्रेजरों द्वारा वित्त वर्ष 2022-23 में 540 घन मीटर और वित्त वर्ष 2023-24 में 3195 घन मीटर की रख-रखाव ड्रेजिंग की जा चुकी है।

(ग) और (घ): जी, हां। सरकार के पास राष्ट्रीय जलमार्ग-3 पर वार्षिक आधार पर फेयरवे, टर्मिनलों, नौचालन सहायताओं और जलयानों के प्रचालन और रख-रखाव कार्यों के संबंध में सूचना उपलब्ध है। व्यय का विवरण **अनुबंध-क** में दिया गया है।

अनुबंध-क

विगत 7 वर्षों के दौरान प्रचालन और रख-रखाव व्यय का विवरण।

(करोड़ रु. में)

वित्त वर्ष	परियोजना/योजना शीर्ष का नाम				
	वार्षिक फेयरवे	टर्मिनलों का ओएंडएम	नौचालन सहायता का ओएंडएम	जलयानों का ओएंडएम	कुल
2016-17	1.21	1.43	0.65	1.81	**5.10**
2017-18	2.33	2.92	0.73	1.45	**7.43**
2018-19	0.96	1.23	0.71	2.01	**4.91**
2019-20	1.75	0.96	0.59	1.17	**4.47**
2020-21	0.61	1.21	0.48	0.37	**2.67**
2021-22	2.83	1.45	0.50	1.09	**5.87**
2022-23	2.16	1.58	0.51	1.66	**5.91**

*****